काउंसलिंग महत्वपूर्ण

# कार्यालय आयुक्त/पदेन सचिव
# छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थानसमिति

**(भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा प्रवर्तित एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित)**

**ब्लॉक 4 डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर**
website - eklavya.cg.nic.in☎ - 2263708 Fax - 2262558 E mail - eklavya.ctd@gmail.com

क्रमांक/File No.:STU/183/2026/Comp. No.:380430 नवा रायपुर, दिनांक 07/07/2026

प्रति,

1. **सहायक आयुक्त/सदस्य सचिव,**
   जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण एवं
   आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति......................
   जिला–.................. (छ.ग.)
2. **सहायक आयुक्त,**
   आदिवासी विकास,
   जिला–बिलासपुर, (छ.ग.)
3. **प्रशासकीय अधिकारी,**
   प्रयास आवासीय विद्यालय,
   बिलासपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)
4. **प्राचार्य,**
   एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ..............,
   जिला–.................. (छ.ग.)

**विषय :–** **शिक्षण सत्र 2026–27 में कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु ऑनलाईन काउंसलिंग की तिथि में वृद्धि किये जाने के संबंध में।**

संदर्भ :–1. भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय, NESTS का पत्र क्रमांक F.No.NESTS/EMRS/Admissions/140/2021-22/1952,दिनांक 08.12.2025

2. कार्यालयीन पत्र क्रमांक/File No.:STU/183/2026/Comp. No.:380430, दिनांक 11.06.2026
3. कार्यालयीन पत्र क्रमांक/File No.:STU/183/2026/Comp. No.:380430, दिनांक 22.06.2026

––00––

विषयांतर्गत भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय, NESTS, नई दिल्ली के संदर्भित पत्र क्रमांक 01 द्वारा शिक्षण सत्र 2026–27 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश का कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु नवीन प्रवेश दिशा–निर्देश जारी किया गया है। इसी प्रकार संदर्भित पत्र क्रमांक 02 एवं 03 द्वारा कक्षा 6वीं में प्रवेश प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के साथ 2026–27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा परिणाम में प्रावीण्य सूची (Merit List) के आधार पर प्रतीक्षा सूची सहित काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यार्थियों की जिलावार सूची जारी किया जाकर विभिन्न स्तरों पर काउंसलिंग की तिथियां निर्धारित की गई है।

उल्लेखनीय है कि शिक्षण सत्र 2026–27 में कक्षा–6वीं प्रवेश हेतु ऑनलाइन काउंसलिंग के संबंध में दिनांक 07.07.2026 को विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से बैठक में अभिभावाकों की ओर से संस्था प्रमुख/प्राचार्य द्वारा पुनः पोर्टल प्रारंभ किये जाने का अनुरोध किया गया है।

तद्नुसार अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के काउंसलिंग को दृष्टिगत रखते हुये प्रथम चरण की काउंसलिंग हेतु जारी मेरिट सूची के आधार पर **दिनांक 08.07.2026 एवं 09.07.2026** को ऑनलाईन काउंसलिंग की तिथि में वृद्धि की जाती है।

उपरोक्त तिथियों में जिला/विद्यालय पर काउंसलिंग हेतु लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण कर राज्य स्तर को प्रेषित किया जावे तथा राज्य स्तर से अनुमोदन पश्चात् उक्त अभ्यार्थी की अनिवार्य रूप से काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्ण कराये जाने की संपूर्ण जिम्मेदारी संस्था प्रमुख की होगी।

अतः निर्देशित किया जाता है कि काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यार्थियों ऐसे अभ्यर्थी, जो कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु काउंसलिंग की पात्रता रखते है, उनके अभिभावकों से तत्काल संपर्क कर काउंसलिंग हेतु आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित काउंसलिंग केन्द्र में उपस्थित होने हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

शिक्षण सत्र 2026–27 में कक्षा–6वीं प्रवेश हेतु ऑनलाइन काउंसलिंग से संबंधित समस्त दिशा–निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुये **दिनांक 08.07.2026 एवं 09.07.2026 को** काउंसलिग हेतु पात्र अभ्यार्थियों हेतु काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया जाना सुनिश्चित करें। उपरोक्त काउंसलिंग प्रकिया में किसी भी स्तर पर उदासीनता/अनियमितता पाये जाने पर संस्था प्रमुख के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी, जिसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**(आयुक्त/पदेन सचिव द्वारा अनुमोदित)**

Digitally signed by
K VISHWANATH REDDY
Date: 07-07-2026
16:29:36

**उपायुक्त**
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, अटल नगर

पृ.क्रमांक/File No.:STU/183/2026/Comp. No.:380430 नवा रायपुर, दिनांक 10/07/2026

प्रतिलिपिः–

1. **निज सहायक, प्रमुख सचिव**, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ।
2. **आयुक्त**, भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय, (NESTS) जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग नई दिल्ली, की सूचनार्थ।
3. **कलेक्टर/अध्यक्ष,** जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति.......... .............., जिला–...................... की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. **वरिष्ठ तकनीकी निदेशक,**NIC, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर (छ०ग०) की ओर प्रेषित कर लेख है कि वेब पोर्टल eklavya.cg.nic.in में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों द्वारा ऑनलाईन काउंसलिंग किये जाने में किसी भी तकनीकी समस्या के समाधान हेतु श्री मुकेश राजपूत, वेब डेव्हलपर को निर्देशित करने का कष्ट करें।

**सही/–**
**उपायुक्त**
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, अटल नगर